दिनांक 01.11.2018

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के निगम आयुक्त श्री एस0के0 सुंदरानी ने स्वास्थ्य समस्त जोन आयुक्तों एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि दीपावली त्यौहार से पूर्व अपने–अपने प्रभार क्षेत्र वाले वार्डों में मिष्ठान भण्डारों, होटल एवं खुले में खाद्य सामग्री के व्यवसाय करने वाले व्यवसायियों का निरीक्षण कर अपील करें कि बासी खाद्य सामग्री का विक्रय न करें एवं संग्रहण करके भी न रखें बासी खाद्य सामग्री पाये जाने पर विनिष्टीकरण के साथ–साथ निगम एक्ट के तहत् कार्यवाही भी की जावेगी।

स्वास्थ्य अधिकारी के नेतृत्व में आज जोन 04 शिवाजी नगर कार्यालय के अंतर्गत स्वास्थ्य अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा मिष्ठान भण्डार का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिसमें वार्ड 32 बाबा स्वीट्स खुर्सीपार, साहू स्वीट्स खुर्सीपार, वार्ड 37 मां लक्ष्मी स्वीट्स शास्त्री मार्केट, विश्वनाथ मिष्ठान भण्डार शास्त्री मार्केट, वार्ड 38 मिलन स्वीट्स खुर्सीपार गेट का निरीक्षण कर गुणवत्ता पूर्वक सामग्री तैयार किये जाने हेतु निर्दशित किया गया। जिसमें स्वच्छता निरीक्षक महेश प्रसाद मिश्रा, आर.पी. तिवारी, विनोद शुक्ला, बोधन सिंह, दिलीप शर्मा, मनोज तिवारी सहित निगम के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

जनसम्पर्क अधिकारी